संख्या:- 646/एक-10-2026

**प्रेषक,**

कुलदीप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

राहत आयुक्त,
उ0प्र0, लखनऊ।

**राजस्व अनुभाग-10** **लखनऊ: दिनांक:** 01-06-2026

**विषय:** राहत आयुक्त कार्यालय के माध्यम से संचालित इन्टर्नशिप प्रोग्राम में इन्टर्नस को दिये जाने वाले स्टाइपेन्ड/ऑनरेरियम पर होने वाले व्यय के भुगतान हेतु एस0डी0आर0एफ0 मद से धनराशि आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-10058/रा0आ0का0 (internship)/2026-27, दिनांक 12.05.2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रश्नगत परियोजना इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत 10 इंटर्नस को वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अक्टूबर, 2025 से मार्च, 2026 तक के अवशेष 06 माह के भुगतान हेतु धनराशि रु. 6,00,000/-(रुपये छह लाख मात्र) आवंटित किये जाने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में इन्टर्नशिप प्रोग्राम को जारी रखने हेतु धनराशि रु. 12,00,000/-(रुपये बारह लाख मात्र), इस प्रकार कुल धनराशि रु.18,00,000/- (रुपये अट्ठारह लाख मात्र) का आवंटन राहत आयुक्त कार्यालय को एस०डी०आर०एफ० निधि से किये जाने का अनुरोध किया गया है।

**2-** अतः उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अप्रेजल समिति की बैठक दिनांक 10.03.2025 में प्राप्त संस्तुति के क्रम में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 22-05-2025 में प्राप्त अनुमोदन के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में आई0आई0आई0टी0, लखनऊ द्वारा संचालित किये गये इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत 10 इंटर्नस को रू0 10 हजार प्रतिमाह मानदेय की दर से 06 माह (माह अक्टूबर, 2025 से मार्च, 2026 तक) के स्टाइपेन्ड/ऑनरेरियम के अवशेष/लम्बित भुगतान किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य आपदा मोचक निधि की प्रपेयर्डनेस एवं कैपेसिटी बिल्डिंग मद-11 से धनराशि **रू0 6,00,000/-(रू0 छः लाख मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन राहत आयुक्त, उ0प्र0 के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती है:-

**नियम व शर्तें/प्रतिबंध-**

(1) राज्य आपदा मोचक निधि की उक्त धनराशि का उपयोग गृह मंत्रालय (आपदा प्रबन्धन प्रभाग), भारत सरकार के पत्र संख्या-33-02/2020-NDMA-1, दिनांक 22.04.2022 द्वारा निर्गत गाइडलाइन के अनुसार किया जायेगा। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा यह सुनिश्चित

किया जायेगा कि उक्त गाइडलाइन के निर्देशों का उल्लंघन न होने पाये।

(2) राज्य आपदा मोचक निधि के क्षमता निर्माण मद से स्वीकृत धनराशि का उपभोग वितीय नियमों के अनुसार तथा वितीय हस्त-पुस्तिका/बजट मैनुअल के अनुसार किया जायेगा।

(3) जिस मद में धनराशि स्वीकृति की जा रही है, उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा, किसी अन्य मद में धनराशि का डायवर्जन नहीं किया जायेगा।

(4) क्षमता निर्माण मद से निर्गत की जा रही धनराशि का उपयोग मानदेय/वेतन/ईधन/मरम्मत/ अनुरक्षण में नहीं किया जायेगा एवं धनराशि के ऑडिट का दायित्व उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का होगा।

(5) समस्त धनराशि का उपभोग दिनांक 31.03.2027 से पूर्व कर लिया जायेगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है, तो नियमानुसार दिनांक 31.03.2027 के पूर्व समर्पित कर दी जायेगी।

(6) उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र वितीय हस्त-पुस्तिका खण्ड-5 , भाग-1 के प्रस्तर-369 एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या-42 आई में शासन को तुरन्त उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।

(8) राज्य आपदा मोचक निधि के सबध में समय-समय पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं एनडीएमए द्वारा जो भी दिशा-निर्देश/गाइडलाइन निर्गत किये गये है अथवा किये जायेंगे के अनुसार उक्त धनराशि का उपभोग की कार्यवाही समयबद्धरूप से सुनिश्चित की जायेगी।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय **रू0 6,00,000/-(रू0 छः लाख मात्र)** को चालू वितीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 051 लेखा शीर्षक 2245-05-800-06-11 स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से सामान्य व्यय-4 2 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28 मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

Digitally signed by KULDEEP SINGH
Date: 01-06-2026 14:53:24

भवदीय,

(कुलदीप सिंह)
उप सचिव।

<u>संख्या:-646(1)/एक-10-2026, तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, लखनऊ।

3- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- वरिष्ठ, वित्त एवं लेखाधिकारी, राहत आयुक्त संगठन, उ0प्र0।

5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5।

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
SUSHIL KUMAR
Date: 01-06-2026
15:21:38

(सुशील कुमार)
अनु सचिव।

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2026-2027**
**आवंटन दिनांक-02/06/2026**

**प्रेषण संख्या:-** 646
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-646
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2026-2027 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय (राज्यांश)
11 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से सामान्य व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जवाहर भवन, लखनऊ-4180-वरि0 वित्त एवं लेखाधिकारी- राहत आयुक्त सं0 , लखनऊ-01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 600000<br>23875776 | 600000<br>23875776 |
| | **योग** | वर्तमान<br>प्रगामी | 600000<br>23875776 | 600000<br>23875776 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया छ: लाख
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया दो करोड़ अड़तीस लाख पचहत्तर हजार सात सौ छिहत्तर

(संतोष कुमार)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

( संतोष कुमार )
... लेखाधिकारी
...य